2 .30 लाख के माल पर हाथ साफ

नागपुर. अजनी थाना क्षेत्र में चोरों ने एक घर में सेंध लगाकर 2.30 लाख रुपये के माल पर हाथ साफ कर दिया. पुलिस ने चंद्रमणीनगर निवासी नंदिनी अमित भोंगाड़े (32) की शिकायत पर मामला दर्ज किया है. रविवार की शाम 6 बजे के दौरान नंदिनी अपने घर पर ताला लगाकर रिश्तेदार के यहां संगीत के कार्यक्रम में हिस्सा लेने गई थीं. पूरा परिवार रात में वहीं रुक गया. इसी दौरान चोरों ने दरवाजे का ताला और कुंडी तोड़कर भीतर प्रवेश किया. बेडरूम की अलमारी में रखे 5,000 रुपये नकद, सोने-चांदी के जेवर और घड़ी सहित 2.30 लाख रुपये का माल चोरी कर लिया. सोमवार की सुबह नंदिनी घर लौटीं तो चोरी का पता चला. पुलिस ने मामला दर्ज किया है.

MP से फरार आरोपी सिटी में धराया

नागपुर. मध्य प्रदेश से छेड़खानी के मामले में फरार आरोपी को क्राइम ब्रांच यूनिट-5 की टीम ने सिटी में गिरफ्तार किया. पकड़ा गया आरोपी ब्राम्हणगांव, नर्मदापुरम निवासी भूरा नेतराम गौर (55) बताया गया. नर्मदापुरम के कोतवाली थाने में भूरा के खिलाफ छेड़खानी का मामला दर्ज किया गया था. 4 वर्ष से वह इस मामले में फरार था. रविवार को वाठोड़ा थाना क्षेत्र में गश्त के दौरान पुलिस ने उसे संदेहास्पद स्थिति में घूमते देखा. उसे हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर छेड़खानी के मामले में फरार होने का पता चला. तत्काल उसके पकड़े जाने की जानकारी नर्मदापुरम पुलिस को दी गई. वहां की टीम उसे कस्टडी में लेकर लौट गई.

राज्य सरकार को झटका, खारिज हुई याचिका, सुप्रीम कोर्ट में भी नहीं मिली राहत

नागपुर. उपायुक्त चंद्रभान पराते की बर्खास्तगी को रद्द करने वाले प्रशासनिक न्यायाधिकरण के आदेश को चुनौती देते हुए राज्य सरकार की ओर से पहले हाई कोर्ट में याचिका दायर की गई थी. हाई कोर्ट में याचिका खारिज होने के बाद भले ही इसे चुनौती देते हुए राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका दायर की हो किंतु अब सोमवार को सुनवाई के बाद सुको के न्यायाधीश जेके माहेश्वरी और न्यायाधीश अतुल चांदुरकर ने राज्य सरकार की विशेष अनुमति याचिका भी खारिज कर दी. हाई कोर्ट ने अपने फैसले में कहा था कि पराते को सेवा लाभ देना राज्य सरकार द्वारा समान रूप से स्थित कर्मचारियों के लिए अपनाई गई नीति के अनुरूप है. राज्य सरकार ने यह याचिका महाराष्ट्र प्रशासनिक न्यायाधिकरण की नागपुर पीठ द्वारा 18 फरवरी 2025 को दिए गए आदेश के खिलाफ दायर की थी. मैट ने अपने मूल आवेदन में 26 मार्च 2024 को पराते की बर्खास्तगी के आदेश को रद्द कर दिया था.

नीतियों के अनुसार सेवानिवृत्ति लाभ

मैट ने राहत देते हुए यह अवलोकन किया था कि चूंकि पराते को 27 जनवरी 2020 की सरकारी अधिसूचना के माध्यम से अधिसंख्यक पद पर स्थानांतरित किया गया था, इसलिए उनकी सेवा को स्वीकृत किया जाए और उन्हें सरकारी नीतियों के अनुसार सेवानिवृत्ति लाभ दिए जाएं. पराते को वर्ष 1987 में अनुसूचित जनजाति (एसटी) श्रेणी के लिए आरक्षित पद पर तहसीलदार के रूप में नियुक्त किया गया था. बाद में मिलिंद कटवारे मामले में निर्णय आने के बाद जांच समिति ने उनका अनुसूचित जनजाति प्रमाण पत्र रद्द कर दिया. जांच समिति ने नियुक्तिकर्ता प्राधिकारी को महाराष्ट्र अधिनियम संख्या ङ्कङ्कङ्कढ्ढढ्ढ, 2001 की धारा 10(1) के साथ पठित (2) के अनुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया था.

सुको तक पहले भी पहुंची थी लड़ाई

जांच समिति द्वारा एसटी दावे को खारिज किए जाने के खिलाफ उनकी कानूनी लड़ाई उच्चतम न्यायालय तक पहुंची जिसने 10 अगस्त 2021 को उनकी अपील खारिज कर दी. इसके बाद राज्य सरकार ने उच्चतम न्यायालय के आदेश के अनुपालन का हवाला देते हुए 26 मार्च 2024 को पराते की सेवाएं समाप्त कर दी थीं. यह बर्खास्तगी उनकी 31 मार्च 2024 को होने वाली सेवानिवृत्ति से कुछ ही दिन पहले हुई थी. पराते ने अपनी याचिका में तर्क दिया था कि उच्चतम न्यायालय ने चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर स्नष्टढ्ढ बनाम जगदीश बालाराम बहिरा मामले में आदेश पारित किया था जिसे लागू करने के लिए राज्य सरकार ने 21 दिसंबर 2019 को एक अधिसूचना जारी किया. इस अधिसूचना के तहत जिन कर्मचारियों के जाति प्रमाणपत्र अवैध घोषित किए गए थे, उन्हें अधिसंख्यक पदों पर स्थानांतरित करने का निर्णय लिया गया था.

कथित ' शोषण के खिलाफ विवि में आंदोलन

नागपुर, महानगर संवाददाता. देश भर में शैक्षणिक संस्थानों की गरिमा, सुरक्षा एवं पारदर्शिता सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए लेकिन नागपुर विश्वविद्यालय से संबंधित कुछ ऐसे संकेत प्राप्त हो रहे हैं जिनसे यह आशंका व्यक्त की जा रही है कि विश्वविद्यालय परिसर में कुछ अवैध गतिविधियां चल रही हैं. इसी के विरोध में एनएसयूआई ने विश्वविद्यालय में प्रदर्शन किया गया.

एनएसयूआई नौकरी, पदोन्नति के लिए महिलाओं के शोषण की आशंका

संगठन की ओर से बताया गया कि विश्वविद्यालय में नौकरी, पदोन्नति या अन्य प्रशासनिक लाभ के नाम पर महिलाओं को किसी तरह से निशाना तो नहीं बनाया जा रहा है. इसे लेकर संदेह होने लगा है. यह अत्यंत गंभीर विषय है तथा इसकी निष्पक्ष, पारदर्शी एवं समयबद्ध जांच होना आवश्यक है. छात्र हितों एवं संस्थान की प्रतिष्ठा को ध्यान में रखते हुए इस विषय पर विद्यार्थी और एनएसयूआई प्रतिनिधियों द्वारा उपकुलपति से मुलाकात कर विषय की संवेदनशीलता के कारण गोपनीय रूप से जानकारी साझा करने का प्रयास किया गया परंतु उपकुलपति से मुलाकात नहीं हो सकी. इस दौरान उपकुलपति की अनुपस्थिति में पदाधिकारियों ने कुलसचिव को ज्ञापन सौंपा. इस अवसर पर अजीत सिंह, आशीष मंडपे, वैष्णवी भारद्वाज, प्रणय सिंह ठाकुर, विद्यासागर त्रिपाठी, लोकेश फुलजले, दयाशंकर शाहू, जैनुएल ओवेस, रॉयल गेंडाम, बृजेश हाडके, शियाल नवनागे, शशांक यावले आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे.

क्या है मामला, बताने को तैयार नहीं ऱ्वीसी

इस संबंध में उपकुलपति डॉ. मनाली क्षीरसागर ने बताया कि यदि कोई अनियमतता, शोषण का मामला हो तो संगठन को बताना चाहिए. जिस वक्त एनएसयूआई के पदाधिकारी विश्वविद्यालय में आये उस वक्त मैं परीक्षा विभाग में थी. फिलहाल विश्वविद्यालय की पहली प्राथमिकता परिणाम समय पर लगाना है. सभी का पूरा ध्यान उसी ओर लगा है. संगठन अपनी समस्याएं, मांगें लिखकर दें या सक्षम अधिकारी को बताये. निराकरण किया जाएगा.

एक नजर में

1 अप्रैल से होगी खरीदी प्रारंभ

बैतूल। मध्यप्रदेश शासन द्वारा सरसों फसल के लिए भावांतर भुगतान योजना प्रारंभ कर दी गई है। इस योजना के अंतर्गत जिले की कृषि उपज मंडी समितियों में अनुज्ञप्तिधारी व्यापारियों द्वारा सरसों की खरीदी आगामी 1 अप्रैल 2026 से शुरू की जाएगी। कृषि उपज मंडी समिति सचिव ने सभी किसानों से अपील की है कि वे अपनी सरसों उपज को विक्रय करने के लिए आवश्यक पंजीयन संबंधी दस्तावेजों के साथ निर्धारित तिथि से मंडी में पहुंचें।

विद्यार्थियों ने किया कृषि अनुसंधान केंद्र का भ्रमण

बैतूल। विश्व मौसम विज्ञान दिवस के अवसर पर सतपुड़ा वैली पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने कृषि अनुसंधान केंद्र बैतूल बाजार का शैक्षणिक भ्रमण किया, जहां उन्हें कृषि और मौसम विज्ञान से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रायोगिक रूप से दी गईं। कक्षा पांचवीं के विद्यार्थियों ने केंद्र में पहुंचकर मौसम और जलवायु को मापने की पूरी प्रक्रिया को करीब से देखा और वैज्ञानिक संजय जैन से सीधे बातचीत कर जानकारी प्राप्त की। भ्रमण के दौरान छात्रों को बताया गया कि मौसम का पता कैसे लगाया जाता है, कौन-कौन से यंत्र उपयोग में लिए जाते हैं और मौसम पूर्वानुमान किस आधार पर तैयार किया जाता है। वैज्ञानिक संजय जैन ने विद्यार्थियों को थर्मामीटर से तापमान मापने की प्रक्रिया, बैरोमीटर से वायुमंडलीय दबाव मापने, हाइग्रोमीटर से आर्द्रता जानने, एनिमोमीटर से हवा की गति मापने, रेन गेज से वर्षा की मात्रा दर्ज करने, पाइरोमीटर से सौर विकिरण मापने और डॉपलर रेडार के माध्यम से मौसम पूर्वानुमान और तूफान की चेतावनी देने की पूरी जानकारी विस्तार से दी। स्कूल डायरेक्टर दीपाली निलय डागा ने बताया कि इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को कृषि और मौसम विज्ञान से जुड़ा प्रैक्टिकल ज्ञान देना था, ताकि बच्चे भविष्य में इन क्षेत्रों में अपना करियर बनाने के लिए प्रेरित हो सकें। वहीं स्कूल प्राचार्य डॉक्टर श्रीमती ऋतु बाजपाई ने बताया कि स्कूल की शैक्षणिक गतिविधियों के तहत विश्व मौसम विज्ञान दिवस और जलवायु परिवर्तन से जुड़ी जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से यह भ्रमण कराया गया।

ग्राम हिवरासेनाडवार में जारी श्रीराम कथा में उमड रही भक्तों की भीड़



नवभारत न्यूज,
बड़चिचोली 24 मार्च, ग्राम हिवरा सेनाडवार में चल रहे नौ दिवसीय श्री राम कथा के पांचवे दिन आज मंगलवार को कथा वाचक बहन पंडित आरती द्विवेदी दीदी द्वारा राम जानकी विवाह के प्रसंग का सुंदर वर्णन किया,प्रभु श्री राम द्वारा शिव धनुष का खंडन का मां जानकी के विवाह के इस कथा को सुनने के लिए कार्यक्रम स्थल में बडी संख्या में भक्तगण उपस्थित थे। उल्लेखनीय हो कि यह श्री राम कथा 19 मार्च से आगामी 27 मार्च तक ग्राम हिवरासेनाडवार में हो रहीं है। जिसे सुनने के लिए ग्राम के साथ ही आसपास के ग्रामीण भी बडी संख्या में कार्यक्रम स्थल में पहुंच रहे है।

6414 बालिकाओं का किया टीकाकरण

बैतूल। सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए 23 मार्च 2026 तक बैतूल शहरी क्षेत्र में 206 बालिकाओं को टीकाकरण किया गया। साथ ही सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र आठनेर में 435 सेहरा में 851, भैंसदेही में 223, भीमपुर 794, चिचोली में 489, घोडाडोगरी में 1043, प्रभात पटटन में 360, आमला में 1055, मुलताई में 542, शाहपुर में 416 इस प्रकार जिले में कुल 6414 बालिकाओं को एचपीवी टीकाकरण किया गया। प्रभारी सीएमएचओ डॉ. रंजीत राठौर ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर ह्यूमन पैपिलोमा वायरस एचपीवी से होता है।

विज्ञान महाविद्यालय में भूतपूर्व छात्र सम्मेलन का आयोजन

नव भारत न्यूज
पांढुरना,24मार्च, नगर के शासकीय विज्ञान महाविद्यालय में आयोजित भूतपूर्व छात्र सम्मेलन के अंतर्गत महाविद्यालय में भूतपूर्व छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम के शुभारंभ के अवसर पर उपस्थित महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ शहनाज खान, डॉ हर्षलता सोनटक्के, डॉ दिलेश कुमार इंदुरकर, डॉ ललिता धुर्वे, भूतपूर्व छात्र समिति के अध्यक्ष डॉक्टर संदीप जयसवाल, कोषाध्यक्ष मिलिंद अंबरते, डॉ चंद्रशेखर तिजारे, ओमकार घागरे, दीपक जायसवाल, दुर्गेश जुमड़ें, राजपाल घोड़े की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी भूतपूर्व छात्र समिति के पदाधिकारी तथा सदस्यों का तिलक तथा बॉच लगाकर एवं पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ शहनाज खान द्वारा उपस्थित भूतपूर्व छात्र-छात्राओं के स्वागत उद्बोधन में कहा गया कि आपके द्वारा महाविद्यालय की विभिन्न गतिविधियों में सहभागिता कर महाविद्यालय को विभिन्न स्तरों पर गौरवान्वित किया गया है। साथ ही आप शासकीय तथा अशासकीय एवं स्वयं के उपक्रमों द्वारा रोजगार के अवसर आपके द्वारा प्राप्त किए गए। आप अपना अनुभव महाविद्यालय के वर्तमान विद्यार्थियों से साझा कर उन्हें मार्गदर्शित करें। आप सभी का महाविद्यालय में हमेशा स्वागत है। आप सभी महाविद्यालय के भूतपूर्व छात्र ही नहीं बल्कि एक आधारस्तंभ है। जो आने वाले छात्रों को मार्गदर्शित करेंगे। इस अवसर पर भूतपूर्व छात्र-छात्राओं ने अपने जीवन के अनुभव भी वर्तमान विद्यार्थियों के साथ साझा किये। इस अवसर पर महाविद्यालय का संपूर्ण स्टाफ एवं छात्र-छात्र उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री डॉ . मोहन यादव 26 को सौसर में,जाम सांवली मंदिर में करेंगे करोड़ों के विकास कार्यों के लोकार्पण भूमिपूजन

नवभारत न्यूजसौसर 24 मार्च – प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ . मोहन यादव आगामी 26 मार्च को सौसर आएंगे। मुख्यमंत्री के इस दौरे को लेकर प्रशासनिक अमला और भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता तैयारियों में जुट गए हैं ।जाम सांवली में विकास कार्यों का होगा शिलान्यास, लोकार्पण प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री क्षेत्र के सुप्रसिद्ध चमत्कारिक श्री हनुमान मंदिर, जाम सांवली पहुंचेंगे। यहाँ वे मंदिर परिसर और क्षेत्र के विकास के लिए करोड़ों रुपयों की लागत वाले विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेंगे। धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने की दृष्टि से यह दौरा अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

हितग्राहियों से करेंगे सीधा संवादलोकार्पण समारोह के साथ ही मुख्यमंत्री एक विशाल जनसभा को भी संबोधित करेंगे। इस दौरान वे सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के हितग्राहियों से रूबरू होंगे और उन्हें योजनाओं के लाभ वितरित करेंगे। **तैयारियां जोरों पर** मुख्यमंत्री के आगमन को देखते हुए पांढुरना जिला प्रशासन ने सुरक्षा और व्यवस्था के कड़े इंतजाम शुरू कर दिए हैं। वहीं, पांढुरना जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहोड ने पार्टी कार्यकर्ताओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुँचकर इस कार्यक्रम को सफल बनाएं।

कहहु तुम्हारा मर्म मैं जाना. : पंडित संजय शर्मा

भैंसदेही। पूर्णा नगरी में इन दिनों राघवेन्द्र सरकार के बाजार चौक स्थित राममंदिर में आयोजित आठ दिवसीय रामकथा में यहां पहुंचे श्रोताओं को श्री रामकथा के मार्मिक प्रसंग केवट राम संवाद के माध्यम से मानस वाचक पं संजय शर्मा ने हास्य और विनोद के साथ साथ मानस के उस मर्म को प्रस्तुत किया जो आज के समाज में उतना ही शिक्षाप्रद और प्रासंगिक है, पं शर्मा ने मानस की चौपाई मांगी नाव ना केवट आना कहहु तुम्हार मर्म मैं जाना से श्रोताओं को जोड़ते हुए , रामचरित मानस के उन पहलुओं को उजागर किया , जिसमें शिष्टाचार , लोक व्यवहार,और अपने साथ साथ सकल समाज और परिवार के हितार्थ अवसर मिलने पर मनुष्य को क्या कना चाहिए ।पं शर्मा ने कहा कि मर्म को जानना और उसे कब उजागर करना में हमें केवट के चरित से सीखना चाहीए,कथा में विनोद करते हुऐ श्री शर्मा ने आज की शिक्षा पद्धति पर भी कटाक्ष किया, और अनुभव के रुप में समाज में बुजुर्गों के मार्गदर्शन को डिग्रीयो से उप रख उनसे लाभ लेने की बात कही ।कथा में केवट के साथ साथ भरत जैसे संत चरित के अद्भुत प्रसंग को मानस की चौपाइयों और संगीतमयी भावपूर्ण गीतों के साथ राम भरत मिलन की सुंदरकथा प्रस्तुत कर श्रोताओं को भाव विभोर किया।

जिले में पर्याप्त उर्वरक उपलब्ध

बैतूल। जिले में वर्तमान समय में यूरिया-17422 मीट्रिक टन, डीएपी-3044 मेट्रिक टन, सुपर फास्फेट-5922 मेट्रिक टन, पोटाश-1462 मेट्रिक टन एवं एनपीके-5572 मीट्रिक टन कुल-33422 मीट्रिक टन खाद उपलब्ध है। कृषि उप संचालक डॉ. आनंद बडोनिया ने बताया कि किसान कल्याण वर्ष में किसानों की सुविधा के लिए ई-टोकन सिस्टम प्रारम्भ किया जा चुका है। अब किसान घर बैठे एमपी कृषि पोर्टल के जरिए ऑनलाइन ई-टोकन जनरेट कर उर्वरक अपने निकट के निजी उर्वरक विक्रेता या संबंधित सहकारी संस्था से प्राप्त कर रहे है। इससे किसान को कतार में लगने व अनुचित उर्वरक दर से मुक्ति मिल गई है। ई-विकास के माध्यम से उन किसानों को भी उर्वरक दिया जा सकता है जिनके पास फार्मर आईडी नहीं है। हालांकि ऐसे मामलों में संबंधित तहसीलदार को एक संदेश भेजा जाता है, ताकि वे उन किसानों का फार्मर आईडी साथ ही बनवा लें और अगली बार से उन्हें फार्मर आईडी से बची हुई उर्वरक दी जाए। इसलिए ई-विकास में किसी भी प्रकार की कोई समस्या नहीं है। इसी प्रकार, मृत किसानों /सिकमी / पट्टा / संयुक्त स्वामित्व / विदेश / शहर में रहने वाले संयुक्त खाते के किसानों /लोगों आदि सभी संभावित प्रकार के मामलों में भी ई-विकास प्रणाली में कृषकों को आसानी से खाद मिलना सुनिश्चित किया गया है।

ट्रक को टक्कर मारने के बाद केबिन में फंसा चालक

मुलताई। नेशनल हाईवे नागपुर रोड पर ग्राम चिंचड़ा के पास मंगलवार को बिलासपुर से कोयला भरकर अलीराजपुर जा रहे एक ट्रक ने सड़क किनारे खड़े दूसरे ट्रक को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी।

काफी मशक्कत के बाद ट्रक चालक को निकाला बाहर

घायल ड्राइवर को उपचार के लिए कराया भर्ती

हादसे में कोयला ले जा रहे ट्रक का चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद ट्रक के केबिन में ड्राइवर सुनील कुमार निवासी रायपुर फंस गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कोयले से भरे ट्रक का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। स्थानीय लोगों ने घायल चालक को काफी मशक्कत के बाद केबन से सुरक्षित बाहर निकाला गया। घायल चालक की पहचान राजा के रूप में हुई है।सूचना मिलने पर नेशनल हाईवे की 1033 एम्बुलेंस मौके पर पहुंची। घायल राजा को नगर के सरकारी अस्पताल मे उपचार के लिए भर्ती कराया है।

संकल्प से समाधान अभियान के आयोजित शिविर में किए पेंशन स्वीकृति पत्र वितरित

नव भारत न्यूज
पांढुरना, 24मार्च, मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार संचालित संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत जनपद पंचायत पांढुर्णा परिसर में विकासखंड स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत पारडी निवासी कपूर चंद कोरड़े, लीलाधर कोरड़े एवं श्रीमती कुसुम बारंगे को पेंशन स्वीकृति

आदेश पत्र प्रदान किए गए। इसी प्रकार मुख्यमंत्री कन्या अभिभावक पेंशन योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत भंडारगोंदी के कमल रेवतकर तथा ग्राम पंचायत पेड़ोनी के श्री पूर्ण तुमडाम को पेंशन स्वीकृति पत्र वितरित किए गए।

शिविर में उपस्थित अधिकारियों द्वारा हितग्राहियों को योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया गया कि शासन का उद्देश्य पात्र व्यक्तियों तक योजनाओं का लाभ समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पहुंचाना है। साथ ही हितग्राहियों से अपील की गई कि वे अन्य पात्र व्यक्तियों को भी इन योजनाओं के प्रति जागरूक करें।

उक्त अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी, सीईओ श्रीमती बंदू सूर्यवंशी द्वारा हितग्राहियों को पेंशन स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम में संबंधित विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। शिविर के माध्यम से आमजन की समस्याओं का निराकरण करते हुए शासन की जनहितकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है।

जांच | जिले में 23 हजार 245 बच्चों को विद्यारंभ प्रमाण पत्र किए प्रदान

बाल मंदिर सभाकक्ष में विद्यारंभ प्रमाण पत्र एवं ग्रेजुएशन सेरेमनी कार्यक्रम आयोजित

नवभारत न्यूज

बैतूल, 24 मार्च. महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वावधान में मंगलवार को बाल मंदिर सभाकक्ष में विद्यारंभ प्रमाण पत्र एवं ग्रेजुएशन सेरेमनी कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नपा उपाध्यक्ष महेश राठौर उपस्थित थे। महिला एवं बाल विकास जिला कार्यक्रम अधिकारी गौतम अधिकारी ने बताया कि मध्य प्रदेश में प्रारंभिक शिक्षा को नई पहचान देने की दिशा में राज्य में पहली बार आंगनबाड़ी केंद्रों में शाला पूर्व शिक्षा प्राप्त कर रहे 5 से 6 वर्ष के बच्चों को विद्यारंभ प्रमाण पत्र प्रदान कर उन्हें

औपचारिक स्कूली शिक्षा की ओर अग्रसर किया गया। कार्यक्रम में अभिभावक अपने बच्चों के साथ उपस्थित रहे एवं अभिभावक बच्चों को प्रमाण पत्र मिलते देख काफी प्रसन्न हुए। वहीं बच्चे भी कार्यक्रम में काफी उत्साहित नजर आए। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा कविताएं भी सुनाई गई। लाडली बिटिया ज्ञानवी गुरबाने द्वारा सरफरोशी की तमन्ना अब हमारे दिल में है एवं इंकलाब जिंदाबाद जैसे देशभक्ति नारों को कविता के रूप में मनोहर प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर सहायक संचालक श्री विवेक ऊईके एवं सीडीपीओ बैतूल शहर निरंजन सिंह उपस्थित रहे। इसके अलावा 24 मार्च को बाल चौपाल के अवसर पर जिले की सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में समारोह पूर्वक प्रमाण पत्र वितरण गया, जिससे शाला पूर्व शिक्षा को सामाजिक और संस्थागत मान्यता मिल सके।

23 हजार 245 बच्चों को विद्यारंभ प्रमाण पत्र किए प्रदान

बैतूल। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार जिले के आंगनवाड़ी केंद्रों में पंजीकृत 5 से 6 वर्ष के बच्चों के लिए विद्यारंभ प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को सहज रूप से प्राथमिक शालाओं में स्थानांतरण करना एवं प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा को सुदृढ़ बनाना रहा। महिला एवं बाल विकास विभाग जिला कार्यक्रम अधिकारी गौतम अधिकारी ने बताया कि जिले की 12 परियोजनाओं के 90 सेक्टरों एवं 2348 आंगनवाड़ी केंद्रों में आयोजित इस कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों और अभिभावकों की उपस्थिति में बच्चों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारियों एवं सेक्टर पर्यवेक्षकों ने कार्यक्रम की रूपरेखा एवं महत्व की जानकारी दी। ग्रेजुएशन सेरेमनी के रूप में आयोजित इस कार्यक्रम के तहत बैतूल जिले में कुल 23 हजार 245 बच्चों को विद्यारंभ प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य, नपा उपाध्यक्ष महेश राठौर, शिक्षकगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

भाजपा किसान मोर्चा का सेवा सप्ताह प्रारंभ

बैतूल। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार भाजपा किसान मोर्चा ने सेवा सप्ताह का शुभारंभ कृषि उपज मंडी समिति बडोरा में जिला पंचायत उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे के हस्ते किसानो के लिए प्याउ की व्यवस्था कर किया।

इस अवसर पर किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष महेश्वर सिंह चंदेल ने कहा कि हमारी मध्यप्रदेश की डा.मोहन यादव के नेतृत्व वाली सरकार इस वर्ष को किसानो को समर्पित कर किसान कल्याण वर्ष के रूप में मना रही है। वहीं किसान मोर्चा किसानो की सेवा के उददेश्य को लेकर सेवा सप्ताह मना रहा है। इसके निमित्त मोर्चा द्वारा सप्ताह भर विभिन्न सेवा कार्य किए जाएगें।

युवक के उपचार के लिए मददगार बना वाहेगुरू फाउंड़ेशन

नवभारत न्यूज,
पांढुरना, 24मार्च, दिन दुखियों की मदद के लिए हमेशा अग्रणी रहने वाली प्रसिध्द सामाजिक संस्था वाहेगुरू फाउंड़ेशन द्वारा आज फिर एक मरिज के उपचार हेतू आगे बढकर मदद की है,जिससे अब यह युवक नागपुर के चिकित्सालय में उपचार कर स्वास्थ्य लाभ ले रहा है,परिजनों के साथ ही आम लोगों ने भी संस्था के इस पुनित कार्य की भुरी-भुरी प्रंशसा की है ।

उल्लेखनीय हो कि दिन दुखियों की मदद के लिए हमेशा आगे बढकर खुले हाथों से निस्वार्थ भाव से मदद करनी वाले वाहेगुरू फाउंड़ेशन द्वारा आज फिर नगर के संतोषी माता वार्ड में रहने वाले सतीश दुलदुलकर नामक युवक किडनी की गंभीर समस्या से परेशान है,लेकिन कमजोरी के चलते यह अपना उपचार नहीं करा पा रहा था,इस बात की जानकारी मिलते ही नगर के इस सामाजिक संस्था वाहेगुरू फाउंड़ेशन के लोगों ने इसे उपचार हेतू आर्थिक राशि दी गई,जिसके बाद अब यह नागपुर के एक चिकित्सालय में उपचार कर स्वास्थ्य लाभ ले रहा है। पीड़ित परिजनों ने वाहेगुरू फाउंड़ेशन का आभार माना वहीं आम लोगों द्वारा भी संस्था के इस कार्य की प्रंशसा की जा रहीं है।